## खबर संक्षेप

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव मनाने सज गया शहर



**सतना।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्री रामनवमी रविवार को संपूर्ण श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिरों और घरों में दोपहर 12:00 बजे विधि-विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों श्री वेंकटेश मंदिर,श्री राम दरबार मंदिर,श्री बिहारी जी मंदिर,श्री डालीबाबा आश्रम,श्री तुलसी मानस मंदिर,प्रणामी मंदिर,सोहावल अखाड़ा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों में रामायण पाठ,भजन कीर्तन, आरती, आतिशबाजी और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों के साथ प्रभु श्रीराम की आरती कर रामनवमी पर्व की खुशियां साझा करेंगे। हिंदू पर्व समन्वय समिति के सभी सदस्य श्री राम दरबार मंदिर में एकत्र होकर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में सहभागिता करेंगे।

समिति सदस्य श्यामलाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि रामनवमी के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा सोमवार को शाम 5 बजे गुरुनानक दरबार,सिटी कोतवाली के पीछे से प्रारंभ होगी। भगवान श्रीराम दिव्य रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा में नगर के सामाजिक संगठनों की प्रेरक झांकियां एवं दिव्य पुरुषों की जीवंत प्रस्तुतियां शामिल होंगी। दूर-दराज से आए श्रद्धालु भी इसमें भाग लेंगे। संपूर्ण नगर को भगवा ध्वजों एवं तोरण द्वारों से सजाया जा चुका है। नगरवासी श्रीराम की अगवानी के लिए पूर्णतः तैयार हैं।

# मैहर मेले में सातवें दिन सवा लाख श्रद्धालुओं ने किया मां शारदा देवी के दर्शन और पूजा अर्चना

**आज अष्टमी और नवमी,उमड़ रही भक्तों की भीड़**



सतना। चैत्र नवरात्रि के 7 वें दिन लगभग सवा लाख श्रद्धालुओं ने मां शारदा देवी के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। मैहर पहुंचने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। यहां तड़के 3 बजे से लोग माता के दर्शन के लिए लाइन में लग रहे हैं।

गौरतलब है कि रविवार को अष्टमी और नवमी है। इस दिन श्रद्धालुओं की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा हो सकती है। मैहर के एसडीएम विकास सिंह ने शनिवार की शाम हरिभूमि को बताया कि भक्तों के पहुंचने का क्रम लगातार जारी है। आपको बता दें कि शनिवार को श्रद्धालुओं द्वारा माता कालरात्रि की विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गयी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मां कालरात्रि की मन क्रम वचन से आराधना करने वाले भक्तों की सभी मनोकामना माता पूर्ण करती हैं। साथ ही साधक को भूत,पिशाच एवं अन्य बाधाओं का कोई भय नहीं रहता। समस्त बाधायें माता की कृपा से समाप्त हो जाती है। भक्त को माता सुख-समृद्धि,संपन्नता देने के साथ मोक्ष भी प्रदान करती हैं।

### जगह-जगह कन्या पूजन, कन्या भोजन व भंडारा

नवरात्रि के 7 वें दिन शहर के मंदिरों एवं घरों में जगह-जगह कन्या पूजन,कन्या भोजन का आयोजन किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर दुर्गोत्सव समितियों द्वारा भंडारा का आयोजन भी किया गया।


# एकेएस के माइनिंग स्टूडेंट्स नवीनतम तकनीक से हुए परिचित



**सतना।** एकेएस के 42 माइनिंग स्टूडेंट्स ने 3 और 4 अप्रैल को भूमिगत खदानों,खुली खदानों और हाईवॉल माइनिंग की नवीनतम तकनीक की जानकारी प्राप्त करने का मौका प्राप्त किया। संपन्न हुए दो दिवसीय दौरे पर स्टूडेंट्स ने सोहागपुर क्षेत्र की खदानों का मुआयना किया और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में समस्त तकनीक की विधिवत जानकारी प्राप्त की।इस बात की जानकारी देते हुए माइनिंग इंजीनियरिंग के सीनियर फैकल्टी प्रो.अनिल कुमार मित्तल ने बताया कि खनन विभाग के 40 छात्र और 2 छात्राएं वरिष्ठ फैकल्टी जे.एन.सिंह के साथ दो दिवसीय दौरे पर सोहागपुर क्षेत्र की खदानों की जानकारी प्राप्त की। उन्हें बताया गया कि भूमिगत खदानों,भूमिगत खनन का उपयोग पृथ्वी की सतह के नीचे से अयस्क को सुरक्षित, किफायती और यथासंभव कम अपशिष्ट के साथ निकालने के लिए किया जाता है। सतह से भूमिगत खदान में प्रवेश एक क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर सुरंग के माध्यम से हो सकता है,जिसे एडिट, शाफ्ट या डिक्लाइन के रूप में जाना जाता है। ओपन-पिट माइनिंग,जिसे ओपनकास्ट माइनिंग के नाम से भी जाना जाता है,एक सतही खनन तकनीक है जो जमीन में खुले गड्ढे से खनिज निकालती है। ओपन-पिट माइनिंग दुनिया भर में खनिज खनन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सबसे आम विधि है और इसके लिए निष्कर्षण विधियों या सुरंगों की आवश्यकता नहीं होती है।खुली खदानों की कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया गया। उन्हें भारत में हाईवॉल माइनिंग की नवीनतम तकनीक के बारे में परिचित कराया गया। स्टूडेंट्स ने एसईसीएल के सर्वश्रेष्ठ रेस्क्यू स्टेशन का भी दौरा किया।विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,प्रो.ए.के. मित्तल,डीन डॉ.जी.के. प्रधान और एचओडी माइनिंग डॉ.बी.के. मिश्रा ने छात्रों के दौरे पर खुशी जाहिर करते हुए स्टूडेंट्स को अधिकतम सीखने की सलाह दी।

# मैहर में नकली पुलिसवाला पकड़ाया





### वर्दी पहनकर कर रहा था वसूली, गांव वालों को धमकता भी था

**मैहर।** नकतरा गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने एक नकली पुलिसकर्मी को पकड़ लिया। आरोपी पुलिस की वर्दी पहनकर आदिवासी बस्ती में अवैध वसूली कर रहा था। खुद को कोतवाली मैहर का पुलिस कर्मी बताने वाले इस शख्स पर तब शक हुआ,जब एक जागरूक युवक ने उससे सवाल-जवाब किए। थाना प्रभारी का नाम पूछने पर वह घबरा गया और गलत जवाब दे बैठा, जिससे उसकी पोल खुल गई। ग्रामीणों ने जब मिलकर उसे रोका और पूछताछ की तो उसने अपना नाम सीताराम सिकरवार बताया। वह उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के अलाई बसई गांव का रहने वाला है और पहले ट्रक ड्राइवर रह चुका है। पुलिस पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह पिछले कुछ समय से नकली वर्दी पहनकर जबलपुर के ग्रामीण इलाकों में भी वसूली कर चुका है।

### शराब और अपराध का डर दिखाकर मांगे पैसे

घटना शनिवार दोपहर की है जब आरोपी ने गांव के लोगों को शराब और अन्य अपराधों में फंसाने की धमकी देकर पैसे वसूले। जब वह बाइक पर बैठकर भागने की कोशिश कर रहा था,तभी एक युवक ने उसे पकड़ लिया। घटना का वीडियो भी ग्रामीणों ने बना लिया,जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### पुलिस की व्यस्तता का उठा रहा था फायदा

मैहर पुलिस इस समय नवरात्रि मेले की सुरक्षा व्यवस्था में व्यस्त है,जिसका फायदा उठाकर आरोपी गांव-गांव जाकर भोली-भाली जनता से ठगी कर रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया जा रहा है।

### कार्यकर्ता घरों पर पार्टी का झंडा लगाकर सोशल मीडिया पर शेयर करेंगे सेल्फी

सतना। भाजपा स्थापना दिवस को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू होने जा रही है। जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय के अनुसार इस आयोजन के लिए जिला स्तर पर 4 सदस्यीय टीम बनाई गई है। मंडल स्तर पर भी अलग अलग टीमें गठित की गई हैं। 6 अप्रैल को जिला भाजपा कार्यालय को रंगोली और रोशनी से सजाया जाएगा। ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। कार्यालय में एक विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें1980 से 2024 तक के जिलाध्यक्षों की तस्वीरें और महत्वपूर्ण घटनाओं के छायाचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे।

# कल से रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की पहली ट्रिप होगी रवाना

### नर्मदापुरम,इटारसी,पिपरिया,गाडरवारा,नरसिंहपुर,जबलपुर,कटनी,मैहर,सतना से गुजरेगी

सतना। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन के दोनों को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 01663/01664 रानी कमलापति-सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13-13 ट्रिप) चलाई जा रही है,जो पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति से रवाना होकर नर्मदापुरम,इटारसी पिपरिया, गाडरवारा,नरसिंहपुर,जबलपुर,कटनी,मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13 ट्रिप) गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति-सहरसा विशेष ट्रेन 7 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को रानी कमलापति स्टेशन से शाम 16:30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन दोपहर 15:15 बजे सहरसा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01664 सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13 ट्रिप) गाड़ी संख्या 01664 सहरसा-रानी कमलापति विशेष ट्रेन दिनांक 08 अप्रैल से 01 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को शाम 18:30 बजे सहरसा स्टेशन से प्रस्थान कर और अगले दिन रात 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

# मुख्य मंत्री के नगर आगमन पर नागरिक करेंगे स्वागत



### मां शारदा लोक बनाने आज मुख्यमंत्री कई बड़ी सौगात देंगे: श्रीकांत

**मैहर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज आकर मैहर को मां शारदा लोक बनाने के लिए विभिन्न सौगाते देंगे। उक्त जानकारी विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में देते हुए बताया कि मैहर जिला बनने के बाद डॉ.मोहन यादव आकर मां शारदा लोक बनाने के लिए कई घोषणा करेंगे जिनका शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वे आज आल्हा ऊदल महोत्सव में भाग लेंगे।इसके साथ ही कई कार्यक्रमों अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। शराब बंदी को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन भी किया जाएगा।मां शारदा लोक बनाने के संबंध में श्री चतुर्वेदी ने कहा है कि जब तक विभागीय कार्यालय शहर के बाहर नहीं जाएंगे तब तक नगर का विकास मुश्किल है इसलिए तीन पार्टो में कार्यो का विभाजन किया गया है। पहले चरण में जिला कलेक्ट्रेट कटनी रोड एवं जिला अस्पताल गोला मठ के पीछे बनाया जा रहा है इसी तरह कई विभागों के लिए जमीन आवंटित की जा चुकी है जिसके लिए बजट भी पास हो गया है। इसी तरह रामपथ गमन का भी निर्माण कराया जा रहा है जिससे नगर का विकास होगा। मैहर के प्रस्तावित मां शारदा लोक का कॉन्सेप्ट प्लान तैयार हो गया है। यह कान्सेप्ट प्लान तीन जोन में विभाजित किया गया है। जिसे तीन अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा। जोन 1 के हिस्से में मां शारदा मंदिर सहित त्रिकूट पर्वत का विकास और सौंदर्यीकरण शामिल है। जोन टू में त्रिकूट पर्वत से नीचे का मंदिर परिक्षेत्र का हिस्सा शामिल किया गया है जो बरगी कैनाल तक जाएगा। जोन 2 मां शारदा लोक का मुख्य आकर्षण होगा। इसे वीणा मार्ग नाम दिया गया है और इसे वीणा की तरह तैयार किया जाएगा। त्रिकूट पर्वत के ऊपर से देखने पर यह मां सरस्वती के वाद्ययंत्र वीणा की तरह दिखाई देगा। जोन 2 के कार्यों के लिए लगभग 242 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया है। नहर के आगे का हिस्सा जोन 3 में शामिल किया गया है। यह कामर्शियल जोन होगा। इसे पीपीपी मॉडल या बीओटी मोड में तैयार किया जाएगा। इसके लिए 318 करोड़ रुपए के कार्य प्रस्तावित किये गए हैं। इस तरह संपूर्ण मां शारदा लोक के लिए लगभग 620 करोड़ रुपए का प्लान तैयार किया गया है। हालांकि अभी ये कॉन्सेप्ट प्लान है लिहाजा इसमें कुछ बदलाव सुझावों के आधार पर संभावित हैं। मैहर जिला निर्माण के बाद मैहर वासियों का ड्रीम प्रोजेक्ट मां शारदा लोक कुछ हद तक अपने आकार में आ चुका है। इसका कॉन्सेप्ट प्लान तैयार कर लिया गया है। इस प्लान को शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा जाएगा और उनके सुझावों के आधार पर इसमें आवश्यक संशोधन के बाद इस प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### भाजपा के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होगे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव हेलीकॉप्टर से सर्किट हाउस के पीछे हैलीपेड आएंगे और यहां से कार्किड में बंधा बैरियर जायेंगे। इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा की बाइक रैली के साथ कारकिड अलाउद्दीन चौक जेल रोड होते हुए स्टेट बैंक चौराहा रीवा रोड तक जाएगा।यहां से सीएम सुसज्जित जिप्सी में सवार होकर कटिया मोहल्ला में अभिनंदन यात्रा में शामिल होंगे।यह यात्रा घंटाघर चौक तक होगी। इसके बाद सीएम कार्किट से मैहर मां शारदा देवी मंदिर जाकर दर्शन करेंगे और वापस बंधा बैरियर की आम सभा को सम्बोधित करेंगे। वहां सीएम लगभग 70 करोड़ लागत के मैहर जिले के विकाश कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इसके बाद भाजपा कार्यालय हाउसिंग बोर्ड कालोनी में भाजपा के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के बाद मैहर के हेलीपैड स्थल से हेलीकॉप्टर द्वारा रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मैहर दर्शन बस सेवा का शुभारंभ

मां शारदा प्रबंधन समिति की ओर से मैहर दर्शन बस सेवा का शुभारंभ रामनवमी 6 अप्रैल को प्रातः 10 बजे किया जायेगा।जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह बंधा बैरियर से बस सेवा का शुभारंभ करेंगी। मैहर दर्शन की एक ट्रिप का किराया 30 रुपए प्रति यात्री होगा।यह बस बंधा बैरियर से प्रारंभ होकर आल्हा मंदिर,आल्हा आखाड़ा,गोला मठ,बड़ा आखड़ा मंदिर,मैहर किला,अलाउद्दीन खां म्यूजियम, नीलकंठ मंदिर ओईला बड़ी माई मंदिर आदि स्थलों का भ्रमण करती हुईं वापस बंधा बैरियर आएगी। मैहर दर्शन की यह 32 सीटर बस दिन भर में चार फ़ेरे लगाएगी।

# प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड में चैत्र नवरात्रि की धूम



**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कालोनी स्थित शिव मंदिर में माँ दुर्गा की स्थापना धमूधाम से की गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने विद्वत आचार्यों के मार्गदर्शन में सर्वजन हिताय विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापित की।प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सी एस आर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर नौ दिन तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किये गये। रामनवमी के अवसर पर हवन एवं भंडारे के साथ चैत्र नवरात्र का समापन होगा। चैत्र नवरात्रि के अवसर मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने सभी कालोनीवासियों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनायें देते हुये सभी से विभिन्न कार्यक्रमों का आनंद उठाने की अपील की। इस अवसर पर मनीष कुमार सिंह,प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड, आशीष कुमार हिंगर,एकाउंट हेड,ओ पी वर्मा वाइस प्रेसीडेंट,आशीष कम्पानी जीएम,राजेश कुमार जे जी एम,रंजन वर्मा डीजीएम,भूपेन्द्र ठाकुर सीनियर मैनेजर के साथ-साथ काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं कालोनीवासी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### पवई अनिवार्य रूप से कराए ई-केवाईसी



**पवई।** इन दिनों पूरे प्रदेश सहित जिले में खाद्यान्न पर्ची में दर्ज नाम की केवाईसी का काम किया जा रहा है। पवई के वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के लिए शिव शक्ति स्व सहायता समूह द्वारा संचालित खाद्यान्न वितरण दुकान की विक्रेता के द्वारा सभी खाद्यान्न धारकों से अपील की गई है, कि अपनी अपनी खाद्यान्न पर्ची में दर्ज नाम की केवाईसी अनिवार्य रूप से कराए अन्यथा की स्थिति में जिस सदस्य की भी केवाईसी नहीं होगी उसका खाद्यान्न बंद कर दिया जाएगा,अतः सभी केवाईसी अनिवार्य रूप से कराए।

### विधायक डॉ राजेश वर्मा स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल ककरहटी में होंगे शामिल



**पन्ना।** गुन्नौर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश वर्मा भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल ककरहटी के बूथ क्रमांक 146 रानीपुरा (तहसील देवेन्द्रनगर) में दोपहर 12 बजे उपस्थित रहेगें। उन्होने ककरहटी मंडल की जनता एवं मंडल के भाजपा के पदाधिकारियों, शक्ति केन्द्र प्रभारी संयोजक सह संयोजक सभी मोर्चो के अध्यक्ष सभी प्रकोष्ठों के मंडल संयोजकों को सादर आमंत्रित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जिले से बाहर भूसा निर्यात पर लगाया प्रतिबंध



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रतिवेदन पर म.प्र. चारा निर्यात नियंत्रण आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग कर पशुधन के लिए चारा-भूसा की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से पन्ना जिले से बाहर भूसा-चारा के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। आगामी 31 जुलाई तक पन्ना जिले के बाहर सीमावर्ती जिलों में भूसा-चारा का परिवहन एवं निर्यात पर प्रतिबंध लागू रहेगा। प्रतिबंधित अवधि में कोई भी कृषक, व्यापारी व निर्यातक व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशु चारा एवं भूसा का परिवहन किसी वाहन, नाव, मोटर, रेल या किसी भी यान द्वारा अन्य जिले में संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड मजिस्ट्रेट की अनुज्ञा के बगैर नहीं करेगा। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित तहसीलदार/नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी जिम्मेवार होंगे।

### कलेक्टर ने जनपद पंचायत स्तरीय बैठक में की समीक्षा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शुक्रवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी के साथ गुनौर एवं पन्ना जनपद पंचायत में बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों व हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल निगम व प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समयावधि में लक्ष्य अनुरूप एवं कार्ययोजना के साथ कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान विकासखण्ड अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों सहित पीएम ग्रामीण आवास योजना, नल-जल योजना, संबल योजना व आयुष्मान कार्ड, समग्र व पेंशनर्स ई-केवायसी सहित नवीन स्वीकृत अटल सुशासन भवन व जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा की गई। जनपद के विभिन्न कार्यों की समीक्षा के दौरान समस्त योजनाओं में अव्वल रहने के लिए संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं पियूष मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के समस्त सचिव एवं रोजगार सहायक भी उपस्थित थे।

# आज निकलेगी भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा
# भक्तों से शामिल होने की अपील







**प्रतिदिन निकलने वाली प्रभात फेरी में शामिल हुए पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा ने प्रभात फेरी का स्वल्पाहार करा कर किया स्वागत भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा पन्ना**

पन्ना।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की तैयारी पन्ना में जोर-शोर से की गई है पूरे नगर को रंगीन प्रकाश से सजाया गया है पन्ना नगर के अतिप्राचीन भगवान श्री जुगल किशोर जी,भगवान बलराम मंदिर, भगवान जगन्नाथ जी मंदिर, राम जानकी मंदिर जैसे प्रसिद्ध मंदिरों को रंगीन प्रकाश से सजाया गया है जिससे मंदिरों की छवि देखते ही बनती है, जहां भक्त बड़ी श्रद्धा से पहुंच रहे हैं, उपलक्ष्य में पन्ना नगर में प्रतिदिन प्रभात फेरी का आयोजन किया जाता है जिसमें राम भक्त युवा भगवान राम के भजनों और जयकारो में झूमते निकलते हैं इसमें आज पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह भी प्रभात फेरी में शामिल हुए इस प्रभात फेरी का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया भक्तों ने रोक कर अल्पाहार कराया, कई स्थानों में आदिशक्ति माता भगवती की आरती उतारी गई, गोविंद जी चौक में महा आरती का आयोजन किया गया, भगवान श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर प्रभात फेरी बड़ा बाजार, कटरा मोहल्ला, कोतवाली चौराहा, बीटीआई चौक, हॉस्पिटल चौक बेनी सागर, बस स्टैंड, गांधी चौक होती हुई वापस राम जानकी मंदिर पहुंची इस प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया प्रभात फेरी में शामिल पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने सभी भक्तों से भगवान राम की शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### अल्पाहार कराकर किया स्वागत

गुनौर विधायक एवं हिंदूवादी नेता डॉ राजेश वर्मा ने अपने निज निवास के सामने राम भक्तों का अल्पाहार कराकर स्वागत किया और जयकारे लगाएं डॉ राजेश वर्मा ने कहा कि आज हृदय प्रफुल्लित है कि इस तरह भगवान राम के भक्त निकलकर पन्ना नगर में लोगों को जागरुक कर रहे हैं बनी सागर स्थित निज निवास पर समाजसेवी धीरज उर्फ गुड्डू तिवारी ने राम के भक्तों का ठंडी लस्सी और नाश्ता कर कर स्वागत किया बलदेव स्वीट कि सामने मोनू गुप्ता ने तथा जयराज पाटकर ने करने अपने मेडिकल स्टोर के सामने स्वागत किया। प्रभात फेरी में पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि समाजसेवी विष्णु पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा, समाजसेवी धीरज तिवारी गुड्डू भैया, तरुण पाठक देवेंद्र सिंह बबलू यादव, अशोक गुप्ता, कमल लालवानी कल्लू महाराज, रवि पांडे सुभाष द्विवेदी, कैलाश गुप्ता,रत्नेश पटेरिया, राजकुमार वर्मा, अज्जू गर्ग, सचिन यादव सहित बड़ी संख्या में लोग प्रभात फेरी में शामिल हुए।

## डूब की घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश

पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने गृह विभाग के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को जिले के विभिन्न जल संग्रहण स्थलों पर जनसामान्य के डूब की घटनाओं से बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि गत दिवसों में डूब की सर्वाधिक घटनाएं नदियों में हुई हैं। इसके अलावा जिले की विभिन्न नदियों सहित जलग्रहण क्षेत्रों में डूब की अत्याधिक घटनाओं की सूचना प्राप्त हो रही है। तालाब, कुएं, जलभराव क्षेत्र, नहर, डैम, नाला व खदान इत्यादि में डूब की दुर्घटनाओं का कारण लोगों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही, तैराकी, सुरक्षा नियमों की अनदेखी और जागरूकता की कमी है। जिला कलेक्टर ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्थित डूब दुर्घटना संभावित समस्त स्थानों का सर्वेक्षण कर दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय किए जाएं। इसके अलावा समस्त जलग्रहण क्षेत्रों स्थित नावों तथा नाविकों का रजिस्टेशन करवाने के साथ असुरक्षित नावों का परिचालन तत्काल प्रभाव से बंद करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नियमानुसार नावों की यात्री क्षमता संख्या निर्धारित कर नाव पर अंकित कराएं और निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर वैधानिक कार्यवाही भी करें। लाइफ जैकेट एवं रस्सा इत्यादि न्यूनतम उपकरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। जिले के समस्त दुर्घटना संभावित स्थलों की निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित कर आवश्यक होने पर मानसून के दौरान ऐसी जगहों को प्रतिबंधित घोषित कर प्रतिबंध नहीं मानने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। इसके अलावा नदी घाटों, डैम, तालाब, झील, खनन द्वारा रिक्त तालाबनुमा संरचना, झरने तथा अन्य जल संग्रहण क्षेत्रों पर डूब से बचाव की चेतावनी संकेत लिखवाने के साथ महत्वपूर्ण दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा के लिए भी जरूरी न्यूनतम उपकरणों की व्यवस्था की जाए। जिला कलेक्टर द्वारा कहा गया है कि खनन द्वारा निर्मित गड्ढों को फेंसिंग के माध्यम से सुरक्षित कर चेतावनी बोर्ड लगाया जाए। बाढ़ के दौरान जिले के विभिन्न पुलिया एवं रपटा पर पानी होने के दौरान किसी वाहन अथवा व्यक्ति को इसे पार करने के लिए प्रतिबंधित किया जाए। साथ ही चेतावनी बोर्ड और बैरियर के साथ निगरानी की जाए। बारिश के दौरान जल संग्रहण क्षेत्रों के आसपास स्थित पिकनिक स्पॉट, वाटर फाल, फिसिंग स्पॉट इत्यादि मनोरंजन स्थलों पर लोगों को जाने से रोकने की विशेष व्यवस्था हो, जिससे पानी से घिर जाने पर एयर रेस्क्यू की स्थिति निर्मित न हो। समस्त नदी घाट विशेषकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजन वाले घाटों पर भी चेतावनी बोर्ड लगाएं, जिसमें डैम से पानी छोडे. जाने पर जल स्तर व जनसामान्य की सुरक्षा का विवरण हो। डैम से पानी छोडे.जाने के दौरान घाटों पर लोगों को जाने से प्रतिबंधित करें। असुरक्षित नदी घाट का चिन्हांकन कर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था हो। ऐसे स्थानों पर मानसून पूर्व सर्वेक्षण तथा लाल झंडा लगाने जैसे उपाए भी करें। उन्होंने समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में तैराकी जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए भी कहा है।

### सूचना प्रदान करने के लिए आमजनों को करें जागरूक

जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि डूब संबंधी समस्त घटनाओं की सूचना से आमजनों द्वारा तत्काल अवगत कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के संपर्क नम्बर 181 का विभिन्न माध्यमों से जनसमुदाय के मध्य प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं, पंचायत एवं वार्ड आदि में भी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मॉकड्रिल की व्यवस्था करें। इस दौरान डूबे व्यक्तियों की जीवन रक्षा एवं सीपीआर देने की विधि की जानकारी देने के साथ स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर बचाव उपकरण तैयार करने की विधि का प्रदर्शन भी करें।

## अमानगंज पुलिस ने 5 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

अमानगंज



पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारंटी की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को दिनांक 04/04/25 को मुखबिर से सूचना मिली की थाना आमानगंज का फरार वारण्टी कृष्णप्रताप खगांर पिता शंकर खंगार निवासी मऊसहानियां जिला छरतरपुर का पेप्टिक टाउन के पास रहता रहा है । जो मुखबिर सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो से दिशा निर्देश प्राप्त कर 05 वर्षो से फरार आरोपी वारण्टी कृष्णप्रताप खगांर पिता शंकर खंगार उम्र 41 वर्ष निवासी मउसहानिया थाना नौगाँव जिला छरतरपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध माननीय प्रीतम शाह जे.एम.एफ.सी न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्रमांक एससी एनआईए 11/20 धारा 138 एनआईए एक्ट मे स्थाई वारंट जारी किया गया था। दिनांक 05/04/2025 को अमानगंज पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री प्रधान आरक्षक राजीव मिश्रा, शिवम शर्मा, मुकेश सोनी, आरक्षक ,लखन, अरविन्द गिरधारी साहू, एवं लखन पटेल का सराहनीय योगदान रहा । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है ।



## अनियंत्रित होकर खाई में गिरा बाइक सवार, बेहोशी की हालत में 108 एंबुलेंस ने पहुंचाया जिला अस्पताल

**पन्ना।** पन्ना-छतरपुर रोड नेशनल हाईवे 39 में ग्राम बक्चुर के पास एक तेज रफ्तार बाइक नियंत्रित होकर खाई में जा गिरी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायल को जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया गया जहां इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया गया है कि शिवम पिता कन्हैया लाल निवासी पन्ना, छतरपुर से बाइक में सवार होकर अकेले पन्ना की तरफ आ रहा था तभी ग्राम बक्चुर के पास बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे बाइक सवार शिवम बाइक सहित खाई में गिर कर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। तभी रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट विजय खटीक और ईएमटी रॉविंद्र साकेत एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 04 एनयू 5246 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार देते हुए जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों के द्वारा घायल को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

## हितग्राही सम्मेलन में विधायक राजेश वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के स्वीकृति पत्र किये वितरण






पन्ना।

आज जनपद पंचायत गुन्नौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धरवारा के हाई स्कूल प्रांगण में विशाल स्तर पर आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के स्वीकृति पत्र वितरण एवं हितग्राही सम्मेलन में मुख्य अतिथि गुनौर विधानसभा के विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा धरवारा पहुंचे जहां पर सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात कन्याओं के पैर धोकर चुनरी उड़ा कर गुनौर विधायक ने कार्यक्रम की शुरुआत की मंच से जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी के द्वारा विधायक का स्वागत किया गया बारी-बारी से स्वागत की बेला में मंच पर उपस्थित सभी लोगों का मंच से सम्मान किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले आदिवासी बच्चों के द्वारा आदिवासी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी गई एवं बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ कैसे मिले इसको भी नाटक के माध्यम से बच्चों ने प्रस्तुति देकर बताया इसके बाद जनपद सीईओ धीरज चौधरी के द्वारा उद्बोधन दिया गया मंच से जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी के द्वारा बताया गया कि जिस हितग्राही के पास भूमि नहीं है घर बनाने के लिए तो उसके लिए भी प्रयास कर रहे हैं एसडीएम से बातचीत कर आबादी घोषित करवरकर उन लोगों को भी आवास दिए जाएंगे और आदिवासी परिवार की एक भी व्यक्ति वंचित न रहे जो पलायन भी कर गए हैं उनको भी प्रधानमंत्री आवास मिलेगा मंच से गुनौर विधानसभा के ऊर्जावान विधायक डॉ राजेश वर्मा ने आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद किया उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का वह क्रांतिकारी कदम है जिससे न केवल गरीबो और आवास ही नो के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है बल्कि उन्हें सम्मानजनक जीवन यापन का अवसर भी प्राप्त हो रहा है यह योजना न केवल निर्धन और भूमिहीन परिवारों का सहारा बनी है बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा दे रही है कार्यक्रम के दौरान मंच से प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना रा जे परमार जनपद अध्यक्ष ज लसी बाई आदिवासी जनपद सदस्य राम शिरोमणि मिश्रा जनपद सदस्य सुदीप सिंह यादव धरवारा सरपंच मल्लू आदिवासी जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी जनपद सीईओ धीरज चौधरी पुष्पेंद्र सिंह परमार परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सरपंच नरेंद्र सिंह बुंदेला राजेंद्र चौबे और जन प्रतिनिधि सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर उचित मूल्य दुकान बिलघाड़ी निलंबित

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दुकान आवंटन प्राधिकारी गुनौर रामनिवास चौधरी ने खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान बिलघाड़ी को जारी प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की है। साथ ही आगामी आदेश तक बिलघाड़ी दुकान से संलग्न कार्डधारियों को सुगमतापूर्वक राशन वितरण सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी रूप से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गुनौर द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान नचनौरा में संलग्न किया है। समिति को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ग्राम पंचायत बिलघाड़ी से ही निलंबित दुकान के हितग्राहियों को प्राथमिकता से खाद्यान्न वितरण कार्य प्रारम्भ कराने के लिए निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर के गत 4 अप्रैल को गुनौर भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकान बिलघाड़ी मौके पर बंद पाई गई थी। संयुक्त जांच दल द्वारा भी आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अन्न उत्सव में शत-प्रतिशत राशन वितरण व ई-केवाईसी के निर्देश के बावजूद लापरवाही प्रमाणित पाई गई। समिति प्रबंधक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हरद्वाही अशोक उपाध्याय एवं विक्रेता राकेश सिंह गुर्जर द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर दुकान न खोलकर राशन वितरण न करने से ग्राम पंचायत बिलघाड़ी के पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा का सामना करना पड़ा। उक्त कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की धारा 11 एवं 18 का उल्लंघन तथा नियंत्रण आदेश की धारा 16 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध होने पर उक्त कार्यवाही की गई है।




**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण सूचित होवे की मैं कंधी लाल त्रिपाठी पिता कृष्णा प्रसाद त्रिपाठी निवासी ग्राम कटन पोस्ट गिरवारा जिला पन्ना मध्यप्रदेश के सभी दस्तावेजों आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी,राजस्व रिकार्ड में कंधी लाल त्रिपाठी नाम दर्ज है जो सही है लेकिन भारतीय स्टेट बैंक की शाखा देवेंद्र नगर में बचत खाता 30292373928 में कंधी लाल त्रिपाठी की जगह कन्हैया लाल त्रिपाठी दर्ज है जिसमे सुधार किया जाना प्रस्तावित है।

भविष्य में बैंक सहित सभी दस्तावेजों में कंधी लाल त्रिपाठी नाम ही सही और स्वीकार्य माना जाए।

## खबर संक्षेप



### महर्षि विद्या मंदिर में समाजसेवी संस्था ने टांगे सकोरे

**छतरपुर।** शनिवार को महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड के पर्यावरण परिसर में चिड़ियों का सकोरा, खुशियों का कटोरा के संकल्प के साथ प्राचार्य सीके शर्मा के मार्गदर्शन एवं सार्थक प्रयास समिति अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जैन के सहयोग से सकोरे टांगे गए। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर करीब 2000 सकोरे टांगे जा रहे हैं। पंकज जैन ने बताया कि विद्यालय परिसर में करीब 100 से अधिक पेड़ लगे हुए है, जिन पर विद्यार्थियों के सहयोग से पक्षियों के लिए प्रति वर्ष सकोरों का प्रबंध किया जाता है। इस वर्ष सार्थक प्रयास समिति के प्रकाश जैन के सहयोग से यहां 25 सकोरे टंगवाए गए हैं। इस अवसर पर समाजसेवी शंकर लाल सोनी, कुलदीप खरे, मनोज पाठक, इंदु सिंह, पूर्णिमा सक्सेना, रामलखन शर्मा सहित स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मां बघराजन मंदिर में कन्या भोज व भंडारा आज

**छतरपुर।** नवरात्री के पावन पर्व पर शहर के बाईपास रोड स्थित प्राचीन मां बघराजन देवी मंदिर में आज विशाल कन्याभोज व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व नवमीं को प्रातः कालीन बेला में हवन पूजन होगा, सुबह 9 बजे महाआरती होगी जिसमें मंदिर ट्रस्ट ने सभी को आमंत्रित किया है। वर्तमान में माता के मंदिर का जीर्णोद्धार व नवनिर्माण चल रहा है साथ ही नवरात्रि में मंदिर परिसर विभिन्न धार्मिक आयोजन चलते रहते हैं, आगामी समय में मंदिर में विभिन्न विकास कार्य प्रस्तावित है जो क्रियान्वित किए जाएंगे। मां बघराजन देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट छतरपुर ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से उक्त भंडारे में पधारकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### 11 साल से फरार वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

**छतरपुर।** पुलिस द्वारा फरार वांछित अपराधी, इनामी बदमाश एवं स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी निरंतर की जा रही है। गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 के आयुध अधिनियम प्रकरण में आरोपी अतिन शुक्ला फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा वर्ष 2023 में स्थाई वारंट जारी किया गया था और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने उसके विरुद्ध 8000 का इनाम घोषित किया था। गत रोज आरोपी अतिन पुत्र अनिल शुक्ला निवासी छतरपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### छतरपुर में मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती



**कुशवाहा समाज ने निकाली शोभायात्रा, हुआ मंचीय कार्यक्रम**

**छतरपुर।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती के उपलक्ष्य में छतरपुर में कुशवाहा समाज द्वारा शनिवार को भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने एकजुट होकर सम्राट अशोक के विचारों और उनकी विरासत को याद करते हुए सामाजिक एकता और जागरूकता का संदेश दिया। समाज के पुष्पेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सरानी दरवाजा स्थित लवकुश मंदिर से हुई, जहां से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मोटे के महावीर मंदिर पहुँची। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने हाथों में सम्राट अशोक के विचारों से जुड़े बैनर और झंडे लेकर सामाजिक एकजुटता का परिचय दिया। कुशवाहा समाज के जिलाध्यक्ष आशीष पटेल ने बताया कि शोभायात्रा के पश्चात मोटे के महावीर मंदिर के अटल सभागार में मंचीय कार्यक्रम हुआ, जिसमें विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और अतिथियों ने सम्राट अशोक के जीवन, उनके द्वारा समाज में लाए गए परिवर्तन, अहिंसा के सिद्धांतों और शासन प्रणाली पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अतिथियों ने कुशवाहा समाज के विकास, शिक्षा और सामाजिक चेतना पर बल देते हुए समाज को संगठित रहने और आगे बढने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे और सम्राट अशोक के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## रामनवमीं आज, भगवान के जन्मोत्सव पर भक्त करेंगे आराधना

# छतरपुर में निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा, जिले भर में होंगे आयोजन

**छतरपुर।** सत्य, धर्म और आदर्श जीवन मूल्यों के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म की स्मृति को समर्पित आस्था और श्रद्धा का महापर्व रामनवमी संपूर्ण जिले में धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। जिले के तमाम मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन होंगे साथ ही झांकियों के साथ शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। छतरपुर जिला मुख्यालय पर आज श्रीराम सेवा समिति सहित अन्य हिन्दू संगठनों के संयोजन में ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली जाएगी।






श्रीराम सेवा समिति के पंकज पहारिया ने बताया कि प्रातः साढ़े 10 बजे से रामचरित मानस मैदान में भगवान राम के जन्म की लीला का मंचन शुरू होगा, 12 बजे रामजन्म होगा और इसके बाद शोभायात्रा प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा में बुन्देली संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। भगवान 10 अवतारों की झांकियां और उनकी लीलाएं शोभायात्रा के दौरान आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। सबसे आगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश की झांकी होगी और उनके ठीक पीछे धर्मध्वज चलेगा। प्रताप नवयुवक संघ की लड़कियों द्वारा नृत्य कौशल दिखाया जाएगा, तलवार नृत्य, डमरू नृत्य, मलखंभ की प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेंगी। बीच-बीच में अखाड़े भी देखने को मिलेंगे। बुन्देली संस्कृति के अनुरूप मौनिया, बरेदी नृत्य की प्रस्तुती भी देखने को मिलेगी। विभिन्न चौराहों पर मंच बनाए गए हैं, जहां बुन्देली प्रस्तुतियां और महाआरती होगी। श्री पहारिया ने बताया कि इस बार के रथ को भी अनोखा और सुंदर बनाया गया है, जिसमें राम दरबार विराजमान रहेगा। उन्होंने डीजे संचालकों से अपील की है कि वे सिर्फ राम भजनों को ही बजाएं। जो व्यक्ति शोभायात्रा में नशा करके या अवैध हथियार लेकर आएगा उसे पुलिस के निगरानी दल तत्काल गिरफ्तार करेंगे। श्रीराम सेवा समिति ने सभी जिलेवासियों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### यह रहेगा शोभायात्रा का रूट

शोभा यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर गांधी चौक से होते हुए कोतवाली होकर महल तिराहा से गुजरते हुए छत्रसाल चौराहा आएगी, जहां पन्ना रोड और सागर रोड की झांकियां एकत्रित होगी। छत्रसाल चौराहे से एकत्रित सभी झांकियां आकाशवाणी तिराहे से होते हुए बस स्टैंड तरफ प्रस्थान करेंगी। बस स्टैंड से फव्वारा चौक होते हुए हटवारा बाजार पुनः गांधी चौक से रामलीला मैदान की ओर मुड़ेगी जहां शोभा यात्रा का समापन होगा।

### यह रहेगी शहर की यातायात व्यवस्था



यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेते ने लोगों से अपील की है कि शोभायात्रा के दौरान आवागमन से बचें और आकस्मिक स्थिति में अन्य वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि आज छतरपुर नगर में प्रातः 10 बजे से शोभायात्रा समापन तक भारी वाहनों की पूर्णतः नो एंट्री रहेगी। फव्वारा चौक, महल चौक, शुक्लाना चौक, से सम्पूर्ण वाहन गांधी चौक और बाजार के लिए प्रतिबंधित रहेंगे। सभी बसें जो पन्ना, खजुराहो रोड जाने वाली हैं, महोबा हाइवे होकर ही जायेंगे। सागर रोड पर चलने वाली बसे सुबह से शाम 3 बजे तक ही बस स्टैंड से संचालित होंगी, उसके बाद सभी बस जिनको सागर जाना है वह बिजावर नाके के आगे विराज गार्डन से संचालित होंगी। रुद्राक्ष होटल अंडर पास से नगर में आने वाले सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। शोभा यात्रा के महल चौक तक आ जाने पर, सागर रोड और महोबा रोड का सम्पूर्ण हैवी वाहन रोक दिए जाएंगे, जो कि कार्यक्रम समाप्ति के बाद ही छोड़ा जाएगा। शोभा यात्रा प्रारंभ होने के पश्चात जब शोभा यात्रा छत्रसाल चौराहे पर होगी तब पन्ना तरफ से आने वाले सामान्य वाहन सीओ बंगला तिराहे से परिवर्तित होंगे, और आरआई बंगला तिराहे से नया मोहल्ला से बाजार होके, फव्वारा चौक से जा सकेंगे। शोभा यात्रा जब आकाशवाणी चौराहे पर होगी तब सागर रोड से आने वाले वाहन बिजावर नाका से छत्रसाल चौराहा के लिए परिवर्तित किए जाएंगे। सम्पूर्ण शोभा यात्रा के आकाशवाणी चौराहे निकल जाने के बाद , सागर रोड के बड़े वाहन जो रोके गए थे, उन्हें छोड़ दिया जाएगा और आकाशवाणी से पन्ना नाके होते हुए हाइवे की ओर भेजे जाएंगे जो रुद्राक्ष होटल ब्रिज से चढ़कर महोबा और खजुराहो की तरफ जा सकेंगे। संपूर्ण शोभा यात्रा के फव्वारा नाके से अंदर गांधी चौक की तरफ़ हो जाने के बाद महोबा अंडरब्रिज में सागर की तरफ जाने वाले रोका गया बड़ा वाहन ट्रैफिक छोड़ा जाएगा। श्री साकेत ने शोभा यात्रा में सम्मिलित समिति एवं सदस्यों, नगरवासियों से अनुरोध है कि आकस्मिक सेवा जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस वाहन, एवं उपचार हेतु जाने वालों को पासिंग हेतु प्राथमिकता दें।

### चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर



श्रीराम की शोभायात्रा को लेकर पुलिस की भी कड़ी व्यवस्था रहेगी। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि शनिवार को ड्रोन कैमरे से शोभायात्रा रूट का ट्रायल किया गया है। रविवार को 5 ड्रोन कैमरे, 18 अन्य कैमरे सहित कंट्रोल रूम में स्थित सीसीटीव्ही कैमरों की मदद से पूरी शोभायात्रा पर नजर रखी जाएगी ताकि कोई असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा सके। इसी तरह पुलिस की भी जगह-जगह चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। वहीं उन्होंने शोभायात्रा के दौरान असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस को देने की भी अपील की है।

## पर्यटन नगरी में निकलेगी भव्य शोभायात्रा, हुई बैठक



**खजुराहो।** नगर में आज रामनवमीं के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए शनिवार को खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी ने सभी दुकानदारों और होटल एसोसिएशन से प्रतिष्ठानों को बंद रखकर श्रीराम जन्मोत्सव में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आज दोपहर 3 बजे भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए नगर को भव्य तरीके से सजाया गया है। शनिवार को शोभायात्रा के लिए बैठक भी हुई जिसमें समाजसेवी परशुराम तिवारी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गौतम, अश्विनी चौबे, अवधेश तिवारी, आरएसएस के खंड कार्यवाह इंजी. ओमप्रकाश पटेल, आनंद चतुर्वेदी खंड व्यवस्था प्रमुख, संजीव शुक्ला, गौरव अग्रवाल, चार्ली राजा, बबलू अग्रवाल, पर्यटक सहायक एसोसिएशन के कृष्णकांत दुबे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भैयाजी अचनार, कमलेश तिवारी, वीरेन्द्र सीगौत सहित अन्य लोगो ने विचार-विमर्श करते हुए सफल आयोजन के लिए अपने सुझाव दिए।

**फिल्मी स्टाइल में हाईवे पर हमला**

## बदमाशों ने युवक की गाड़ी रोककर लाठी-डंडों से पीटा

**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम उस वक्त सनसनी फैल गई जब फिल्मी अंदाज में कुछ बदमाशों ने बीच हाईवे पर एक स्कॉर्पियो कार को रोककर कार में बैठे युवक को बाहर निकाला और इसके बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। यह सनसनीखेज घटना नौगांव रोड स्थित होंडा एजेंसी के पास की है, जहां स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 16 सीबी 4180 में सवार नरेश शर्मा टुरया के साथ बदमाशों ने बर्बरता दिखाई। जानकारी के अनुसार, नकाबपोश बदमाशों ने पहले नरेश शर्मा की स्कॉर्पियो को रोका, फिर वाहन में तोडफ़ोड़ की और लाठी-डंडों से युवक नरेश शर्मा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि हमला पुरानी रंजिश के कारण हुआ है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले नरेश शर्मा ने मयूर बाधवानी सहित कुछ अन्य कुछ लोगों के साथ मारपीट की थी, जिसका बदला लेने के लिए नरेश पर हमला किया गया है। घटना के बाद घायल नरेश शर्मा ने सिटी कोतवाली पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। सीएसपी



अमन मिश्रा ने बताया कि कोतवाली थाना में 7 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है और मुख्य आरोपी मयूर बाधवानी सहित राकेश अरजरिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नागरिकों ने इस घटना के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

**नौगांव में दिनदहाड़े फायरिंग से दहशत**

## एसडीओपी ऑफिस के पास तीन युवकों ने किया हमला




**नौगांव।** जिले के नौगांव कस्बे में शनिवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एसडीओपी कार्यालय के ठीक बगल में तीन युवकों ने कट्टे से फायरिंग कर दी। यह घटना दिनदहाड़े हुई, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। फायरिंग करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात को बाजार में कुछ युवकों का आपसी विवाद हुआ था। उसी रंजिश के चलते शनिवार सुबह तीन युवक स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर एक दुकान के बाहर पहुंचे और कट्टे से फायर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी अमित मेश्राम और टीआई सतीश सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से सबूत इक_ा किए और चश्मदीदों से पूछताछ की। एसडीओपी अमित मेश्राम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दो आरोपियों की पहचान शैलेंद्र यादव और सुमित शर्मा के रूप में हुई है, जबकि तीसरे आरोपी की पहचान अभी नहीं हो पाई है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है, उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## साड़ी के पल्लू से चेहरा ढंककर चुराई गले की चैन

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, पीड़ित महिला ने दर्ज कराई शिकायत**



**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के खेरे की देवी मंदिर में एक महिला श्रद्धालु के साथ चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। वारदात को साड़ी के पल्लू से चेहरा ढंक कर मंदिर पहुंची एक महिला द्वारा अंजाम दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला का नाम आशा अग्रवाल है जो कि सीताराम कॉलोनी की निवासी हैं। आशा दर्शन के लिए खेरे की देवी मंदिर पहुंची थीं। उसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक महिला चोर ने उनके गले से चेन चुरा ली। घटना को इतनी सफाई से अंजाम दिया गया कि पहले तो किसी को पता ही नहीं चला, लेकिन बाद में जब आशा अग्रवाल को अपनी चेन गायब होने का एहसास हुआ, तो उन्होंने तत्काल सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## विद्यालयों में हो रहीं अनियमितताओं का विद्यार्थी परिषद ने किया विरोध



**छतरपुर।** शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए छतरपुर के विद्यालयों में की जा रही अनियमितताओं और बीआरसी द्वारा अनियमितताएं करने वालों को संरक्षण देने के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के बिंदुओं की जांच कराने और कार्रवाई की मांग की है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर सह मंत्री जनार्दन पटना ने बताया कि छतरपुर के विद्यालयों में कई अनियमितताऐं हो रही हैं, जिनको शिक्षा विभाग द्वारा नजरंदाज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जिले में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं एवं भण्डार क्रय अधिनियम के परिपालन में घोर अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि छतरपुर बीआरसी के द्वारा परीक्षा केन्द्र परिवर्तन कराने के एवज में पैसा लिया गया है और अवैध रूप से संचालित निजी हॉस्टलों को संरक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के तहत हो रहे मरम्मत कार्यों में मनमानी, कई विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों से पढ़ाई न कराए जाने जैसे कई अन्य बिंदुओं का उल्लेख विद्यार्थी परिषद द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में किया गया है। इस मौके पर इस मौके पर नगर मंत्री आकाश दीक्षित, नगर सह मंत्री जनार्दन, कृष्णम, जिला फार्मा विजन प्रमुख सत्यम, विद्यालयीन नगर प्रमुख अभिषेक, एनएसएस प्रमुख आशीष, एसईएफ प्रमुख नीलेश सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाई कोर्ट के निर्देश पर कार्यवाही से सचिव को बचाने अधिकारी कर रहे लीपापोती

**सिंगरौली।** ग्राम पंचायत डिग्घी की तत्कालीन सचिव देवकुमारी शाह के भारी भ्रष्टाचार गबन की राशि वसूली की कार्यवाही हाई कोर्ट जबलपुर के विद्वान न्यायधीश के आदेश पर कार्यवाही करने का आदेश जारी हुआ था,लेकिन सचिव को एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर कलेक्टर के जांच में प्रमाणित रूप से दोषी पाए गए सचिव को पुनः जांच के नाम पर क्लीन चिट देने का खाका तैयार किया जा रहा है गंभीर बात यह है कि जो निर्माण कार्य मौके पर घटिया तथा स्थल पर नहीं मिले थे अब सचिव देवकुमारी शाह तथा उसके पति द्वारा जिला पंचायत के कुछ खाश सिपहसालारों के मदद से घटिया कार्यों को पुनः निर्माण गुपचुप तरीके से रात्रि में मटेरियल गिराकर कराया जा रहा है!ग्रामवासियों ने पूछा कि यह कार्य तो पहले गिर चुका था तो सचिव जो आजकल दूसरे पंचायत में पदस्थ है ने कहा कि मेंटिनेश का कार्य हमको मिला है लेकिन ग्रामवासियों तथा शिकायतकर्ताओं ने बताया है कि जो 28 लाख रुपए की रिकवरी सचिव समेत अधिकारियों पर आई है उसे पुनः जांच के नाम पर घटिया उपयोग विहीन कार्यों को पुनः स्थल पर सुधार कर तीसरे बार जांच में सचिव समेत जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने हेतु खेल खेला जा रहा है! इस कार्य में एक जन प्रतिनिधि जो इस भ्रष्ट सचिव पर हर गलत कार्यों में साए की तरह मदद कर भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दे रखे है उनके द्वारा अधिकारियों जांच दल में शामिल प्रत्येक कर्मचारी को ट्रांसफर करवाने की धमकी देकर मनमाफिक बचाने हेतु रिपोर्ट तैयार करने की धमकी दे चुका है उसी योजना के अनुरूप जांच दल में शामिल अधिकारियों ने मौके पर घटिया प्रत्येक निर्माण कार्यों को सुधार कर रिकभरी की राशि को खत्म कर पुनः जांच में क्लीन चिट देने हेतु प्रयासरत है।वही उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करने वाले शिकायतकर्ताओं ने अपने बयान में बताया है कि उनके पास पहले क्षतिग्रस्त निर्माण कार्यों की शिकायत के समय की फोटो व वीडिओ है जो जांच दल मौके पर कलेक्टर महोदय द्वारा गया था तथा दूसरा जांच दल जनपद से गया था दोनों जांच दल की फोटो स्थल पंचनामा की फोटो तथा जांच दल की रिपोर्ट की सूचना अधिकार के तहत जानकारी लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया था माननीय न्यायालय के द्वारा जांच दल के द्वारा 28 लाख की राशि वसूली का नोटिश जमा करने हेतु जारी की गई है लेकिन उसी निर्माण कार्यों को सुधार कर वसूली की राशि को खत्म करने के लिए जिला पंचायत के कुछ घाघ अधिकारी, नेता एक तथाकथित जन प्रतिनिधि मिलकर अपने चहेते सचिव को बचाने के लिए जुगत लगाए है लेकिन शिकायतकर्ताओं ने जारी बयान में कहा है कि जो शिकायत जांच में प्रमाणित है अगर उसमें दोषियों को बचाया जाता है तो जांच दल में शामिल क्लीन चिट देने वाले सभी अधिकारियों को उच्च न्यायालय के आदेश के अवहेलना का याचिका दायर कर कार्यवाही की मांग की जाएगी।याचिका कर्ता ने बताया की तीसरी जाँच के नाम का हवाला देकर माननीय हाई कोर्ट के आदेश का पालन नही किया जा रहा है चार हफ्ते का समय माननीय उच्च न्यायलय ने दिया था उसका समय बीतने के बाद भी कार्यवाही नही की जा रही है!बहरहाल अब देखना यह होगा कि भ्रष्ट सचिव की वसूली की कार्यवाही को बचाया जाता है या माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन होता है।



## यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 100 से अधिक वाहनों का ऑनलाइन हुआ चालान

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली श्री मनीष खत्री(भापुसे) के कुशल मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पीएस परस्ते के निर्देशन में थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध शुरू की गई कार्यवाही।

### ऑनलाइन चालानी करवाई

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी यातायात के द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से शहर के विभिन्न चौराहे जैसे माजन मोड़, इंदिरा चौक, अंबेडकर चौक, मस्जिद तिराहा, कालेज तिराहा ,अमलोरी तिराहा, जयंत बस पड़ाव, निम्न स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से यातायात का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक जो

**1. बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना**

**2.दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठ कर वाहन चलाना।3.वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग**

**4.वाहनों का नम्बर प्लेट निर्धारित मानक अनुरूप ना होना**

**5. वाहनों में बिना किसी प्राधिकृत व्यक्ति के अनुमति परिवर्तन या मोडिफिकेशन कराना**

**7. शहर के अंदर निर्धारित गति का पालन न करते हुए तेज रफ्तार में वाहन चलाना**

उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर वाहनों के सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उनके लाइव फुटेज एवं फोटोग्राफ संधारित कर पीओएस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन चालानी कार्यवाही की गई एव चालान बनाया गया चालान की जानकारी वाहन स्वामी के मोबाइल नंबर जो वाहन का रजिस्ट्रेशन कराते समय दिए गए मोबाइल पर एसएमस के माध्यम से जायेगी।

उक्त एसएमस में दर्शाए गए लिंक में दिए गए क्यू आर कोड को विभिन्न यूपीआई -फोन पे, गूगल पे, से स्कैन कर अथवा 15 दिवस के अंदर थाना यातायात में उपस्थित होकर उपरोक्त नियम के उल्लंघन में शासन द्वारा निर्धारित शंमन शुल्क की राशि अनिवार्य रूप से जमा कर रसीद प्राप्त किया जाना होगा, 15 दिवस के अंदर जुर्माना राशि जमा ना करने की स्थिति में चालान स्वतः माननीय न्यायालय में पंजीकृत हो जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं वाहन स्वामी/ चालक की होगी।

**ऑनलाइन चालान में किसी प्रकार की असुविधा होने एवं यातायात संबंधी किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु यातायात हेल्पलाइन नंबर 7587636712 पर संपर्क करें**

यातायात पुलिस सिंगरौली शहर वासियों से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें आपका परिवार घर में आपका इंतजार कर रहा है
यातायात पुलिस सिंगरौली सदैव आपकी सेवा में तत्पर।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायतों में पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करें - सीईओ

**रीवा** । गर्मी बढ़ने के साथ नदी-नाले तथा अन्य जलाशय सूखने लगते हैं मानवों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी गर्मियों में पानी के लिए भटकना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी ग्राम पंचायतों में आमजनों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करें। ट्यूबवेल और हैण्डपंपों के पास पानी की हौदी बनाकर पशुओं के लिए पानी उपलब्ध कराएं। ग्रामीण क्षेत्र में पक्षियों के लिए भी सकोरे अथवा अन्य जल पात्र वृक्षों में लटकाकर पानी की व्यवस्था कराएं। ग्राम पंचायत के सभी पानी के टैंकर दुरूस्त रखें। यदि किसी बसाहट में पानी की कमी होती है तो टैंकर से पानी की आपूर्ति कराएं। रीवा और मऊगंज जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा और मैहर

**रीवा** । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 6 अप्रैल को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा और मैहर आएंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10.40 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर सुबह 11.35 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 12 बजे मैहर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री मैहर में माँ शारदा के दर्शन तथा पूजा-अर्चना करने के बाद बंधा मैदान में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3.20 बजे मैहर से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 3.40 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से 3.45 बजे वायुयान से प्रस्थान कर शाम 4.40 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**कटनी**। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा 30 मार्च को जिला जेल कटनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बंदियों को दिये जाने वाले खाने की समाग्री एवं भोजन की गुणवत्ता की जॉंच की गई तथा बदियों के रहन-सहन एवं बैरक में साफ-सफाई व्यवस्था तथा बंदियों से स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की गई, तथा बंदियों के प्रकरण में पैरवी हेतु नियुक्त अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास प्रकरण में पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं है या अधिवक्ता करने में समक्ष नहीं है तो वह प्रकरण में पैरवी हेतु निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। जेल निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जे.पी. चिडार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉप सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।

### गर्मियों में मूँग, तिल एवं सन व ढेंचा उगाएं किसान

**कटनी**। किसान भाईयों को ग्रीष्मकाल में धान की बजाय ग्रीष्मकालीन दलहनी फसलें जैसे मूँग, तिल व ढेंचा उगाने की सलाह दी गई है। इन फसलों से खेत की मृदा (मिट्टी) का उर्वरा संतुलन बना रहता है। साथ ही ये फसलें कम पानी, कम समय और कम मेहनत में अच्छा व लाभदायक उत्पादन देती हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान में पानी की अत्यधिक जरूरत पड़ती है। ग्रीष्मकालीन धान व उसके बाद खरीफ में धान की फसल लगाने से पोषक तत्वों का अत्यंत दोहन हो जाता है और मृदा की उर्वरता अर्थात उत्पादन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। साथ ही ग्रीष्मकालीन धान में पेस्टीसाइड एवं दवाइयों के अधिक उपयोग से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। ग्रीष्मकाल में धान की बजाय मूंग उगाने से खरीफ में समय से धान लगाई जा सकती है।

## मां कालिका के लगभग 450 वर्ष से भी ज्यादा पुराना प्राचीन मंदिर है जिसमें भक्तों का तांता सुबह से ही लग जाता है

# आस्था का केन्द्र मां कालिका का दरबार रानी तालाब स्थित माता के दरबार में भक्तों की पूरी होती है मनोकामना







**रीवा** । चैत्र नवरात्रि के शुरू होते ही जहां देश भर में देवी मंदिरों मे नौ दिनों तक विशेष पूजा अर्चना होती है वहीं रीवा शहर स्थित मां कालिका के लगभग 450 वर्ष से भी ज्यादा पुराना प्राचीन मंदिर है जिसमे भक्तों का ताता सुबह से ही लग जाता है देवी माँ के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतार दिखने लगती है फल फूल माला सिंदूर सहित पूरे मंदिर की रौनक यहां देखते ही बनती। ये मंदिर बहुत पुराना है और ये रानी तालाब मंदिर के नाम से जाना जाता है जिसका अपना एक इतिहास है,रानी तालाब मंदिर के प्रति लोगों की बड़ी आस्था है आस्था के केंद्र इस प्राचीन मंदिर में स्थापित माँ कालिका का अपना अलग महत्तव है। पहले इसका संचालन राजघराने द्वारा किया जाता था अब भारत सरकार द्वारा इसका संचालन किया जाता है। इस मंदिर से जुड़े कुछ रोचक तथ्य भी है यहां के इस सिद्ध पीठ मां कालिका का नाम यहां के विशाल तालाब रानी तालाब की देवी के रूप में भी जाना जाता है इसका नाम रानी तालाब क्यों पड़ा वो हम आपको बताते है। ऐसा कहा जाता है की काफी वर्ष पूर्व यहां पर लवाना जाति के लोगों ने तालाब खोदा था उस वक्त यहां रीवा राजघराने की महारानी कुंदन कुंवरि जब पूजा करने रक्षा बंधन के दिन पहुंची तो प्रसन्न होकर लवाना लोगों के हांथो में रक्षा सूत्र बांधा तब लवाना लोगों ने महारानी को भेट स्वरूप यह तालाब दे दिया तब से यह स्थान रानी तालाब के नाम से जाना जाता है। मॉ कालिका की मूर्ति की भी यहां स्थापित होने के पीछे एक वजह है वह यह है कि कई वर्षों पूर्व राजा प्राज्ञ देव के समय इस मूर्ति को लवाना लोग अपने साथ लेकर आ रहे थे ऐसा कहा जाता है की देवी माँ की मूर्ति ने यह कह दिया था की जंहा मुझे एक बार स्थापित कर दिया जाएगा वंहा से मै उठूंगी नहीं और लवाना लोगों को यह बात ध्यान से उतर गई और वो लोग मूर्ति को बैलगाड़ी में लिए हुए थे और यंहा रूककर आराम करने की सोचा और खाना बनाकर खाने लगे और सो गए जब सुबह जाने की तयारी करने लगे और मूर्ति उठाने की कोशिश की तो मूर्ति उठी ही नहीं जिसके बाद लवाना लोग यह मूर्ति यही छोड़कर चले गए जिसके बाद राजघराने द्वारा यही पर मंदिर बनवाया गया और यही पर मूर्ति स्थापित कर दी गई जबसे देवी माँ कालिका की मूर्ति यही पर स्थापित है। रीवा राजघराने के द्वारा इस मंदिर में मां के स्वर्ण आभूषणों से संवारा गया है यहां अष्टमी व नौमि को माँ का श्रृंगार स्वर्ण के आभूषणों से किया जाता है। माँ के दरबार में सुबह 4 बजे के पहले से ही भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है। नौ दिनों तक यहां पर विशेष पूजा अर्चना होती है साथ है यहां पर नवरात्रि में मेला भी लगता है। ऐसा कहा जाता है इस मंदिर के चारो तरफ कहीं भी बैठकर ध्यान करें तो उसकी मनोकामना पूर्ण होती है इस मंदिर में श्रद्धालु बहुत दूर दूर से आते है और श्रद्धा से पूजा अर्चना करते हैं और उनकी हर मनोकामना भी पूरी होती है।बॉक्स महाअष्टमी और नवमी में मातारानी का होता है विशेष सिंगार रीवा शहर में स्थित रानी तालाब मंदिर में चैत्र नवरात्र व शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी व नवमी के दिन माता कालिका का स्वर्ण आभूषणों से विशेष सिंगर होता है, इस अवसर पर माता को स्वर्ण आभूषणों से सजाया जाता है, जिससे उनका स्वरूप और भी आकर्षक और दिव्य नजर आता है। मंदिर के प्रधान पुजारी के अनुसार, ये दोनों दिन विशेष महत्व रखते हैं, जब भक्तों की भीड़ बड़ी संख्या माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचती है। महाअष्टमी और नवमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, और माता के इस भव्य रूप को देखकर श्रद्धालु आस्था और श्रद्धा से अभिभूत हो जाते हैं।

## सड़क पर चलती कार में अचानक लगी आग, गाड़ी सवार यात्री उत्तरकर बचाई जानधू-धू कर जलती रही गाड़ी



**रीवा** । शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर के सामने में देर शाम एक कार में अचानक आग लग गई। कार सवार लोग और चालक ने तत्परता दिखाते हुए कार से कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के समय सड़क पर जाम लग गया और लोगों का हुजूम जुट गया। कार चोरहटा की तरफ जा रही थी, जब वह ट्रांसपोर्ट नगर के सामने पहुंची, तो धुआं निकलने लगा। इसके बाद सवार लोग बाहर निकल आए। आग ने विकराल रूप ले लिया और फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक कार जल चुकी थी, आग के चपेट मे आने से सड़क में लगे विज्ञापन के बोर्ड भी क्षतिग्रस्त हुआ है, बाद में दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया और कार को सड़क से हटवा लिया गया।

## पूर्व सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान में न्यायालय में परिवाद हुई दायर



**रीवा**

गुढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक और पूर्व सांसद बुद्ध सेन पटेल के खिलाफ रीवा जिला न्यायालय में गडऱा कांड पर ब्राह्मणों के खिलाफ दिए गए विवादित बयान को लेकर परिवाद दायर किया गया है। यह परिवाद एडवोकेट मानवेंद्र द्विवेदी और एडवोकेट अनंत मिश्रा ने न्यायालय में प्रस्तुत किया है। परिवाद में आरोप है कि बुद्ध सेन पटेल ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मऊगंज के गडऱा हत्याकांड का उदाहरण देते हुए ब्राह्मण समाज के खिलाफ अपत्तिजनक टिप्पणी की। उनके बयान के बाद समाज में नफरत और घृणा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं, जिससे अन्य वर्गों में हिंसात्मक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिल सकता है। इस बयान के परिणामस्वरूप अकारण हिंसा की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना भी जताई गई है। मामले में यह भी आरोप है कि बुद्ध सेन पटेल ने इस बयान को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया, जिससे उनके अनुयायी इसे फैलाने लगे और समाज में तनाव उत्पन्न होने की आशंका बढ़ गई। परिवादियों ने इस मामले में थाना सिविल लाइन और पुलिस अधीक्षक रीवा को आवेदन दिया था, लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली।न्यायालय ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए पुलिस को 17 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही, सिविल लाइन थाना को मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद न्यायालय ने परिवाद लेकर पुलिस थाना सिविल लाइन को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने आदेशित किया है।

## कच्चे मकान मे लगी आग, गृहस्थी जलकर हुई खाक, शहर से सटे सगरा गांव की घटना, आगजनी का कारण अज्ञात



**रीवा**। शहर से सटे सगरा गांव मे एक कच्चे मकान मे शुक्रवार की सुबह हुई अचानक आग लग गई, देखते ही देखते भीषण आगजनी में पूरी गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। बता दे कि आगजनी की इस घटना के दौरान मकान के अंदर रखा समान जलकर खाक हो गया। आसपास के लोगों ने आगजनी की सूचना पुलिस सहित दमकल को दी लेकिन जब तक पुलिस पहुंची तब तक पूरा घर सहित सामग्री जलकर खाक हो गई थी। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को सागर थाना क्षेत्र अंतर्गत सगरा गांव निवासी लवकुश मिश्रा के घर से अचानक आग की लपटे बाहर निकलने लगी जिसे देख ग्रामीणों ने हल्ला गोहार मचाया और इसकी सूचना तत्काल सगऱा पुलिस को दी । पुलिस द्वारा इसकी सूचना दमकल के वाहन को दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम समय से नहीं पहुंची। इस घटना के दौरान मकान सहित घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है। ग्रामीण सहित लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वो नाकाम रहे। आगजनी से पूरा परिवार सड़क पर आ गया है। फिलहाल आगजनी के कारण स्पष्ट नहीं है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, मनगवां थाना क्षेत्र के बुढ़वा के पास हुआ था हादसा




**रीवा**। जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के बुढ़वा गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसके बाद हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार घटना 1 अप्रैल की रात मनगवां थाना के ग्राम पंचायत बुढ़वा में हुई थी। सड़क पर घायल हालत में मिले शख्स को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में एडमिट कराया गया था, जहां बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बुढ़वा निवासी रामचरण पटेल को बीते दिवस गांव में ही एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। अचानक हुए इस हादसे में रामचरण गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां बीती रात घायल ने उपचार के दौरान ही दम तोड़ दिया। सड़क हादसे में घायल युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव को पीएम उपरांत परिजनों को सौप दिया है, वहीं मनगवां पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

## ज्ञानोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 21 अप्रैल तक

**रीवा** । जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए 21 अप्रैल को शाम 4 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। स्कूल में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 7वीं में बालकों के लिए 12 तथा बालिकाओं के लिए 10, कक्षा 8वीं में बालकों के लिए 4 तथा बालिकाओं के लिए 16 एवं कक्षा 9वीं में बालकों के लिए 3 तथा बालिकाओं के लिए एक स्थान रिक्त है। सामान्य श्रेणी के बीपीएल परिवार, अन्य पिछड़ावर्ग एवं अनुसूचित जनजाति के लिए कक्षा 7वीं में बालकों के लिए 2 तथा बालिकाओं के लिए 4, कक्षा 8वीं में बालक के लिए एक एवं बालिकाओं के लिए 2 एवं कक्षा 9वीं में केवल बालिकाओं के लिए 4 स्थान रिक्त हैं। रिक्त स्थानों में परिवर्तन हो सकता है।
इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि आवेदन 21 अप्रैल को शाम 4 बजे तक कार्यालय में जमा होना अनिवार्य है। इसकी प्रवेश परीक्षा 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ज्ञानोदय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा की मेरिट के अनुसार विद्यार्थी का चयन किया जाएगा। प्रवेश के लिए बी ग्रेड अथवा 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही आवेदन कर सकेंगे।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन 9 अप्रैल तक

**रीवा । किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 9 अप्रैल कर दिया गया है। किसान अब समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए 9 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं।**

किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये तथा सरकार द्वारा घोषित 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन होगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्र निर्धारित कर दिए गए हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

## फर्जी एनओसी तैयार कर वाहन ट्रांसफर कराने वाले आरोपी अपर सत्र न्यायालय से दोषमुक्त

**रीवा** ।



अभियोजन कहानी के अनुसार फरियादी राकेश द्विवेदी ने अपनी चार पहिया कार को आरोपी संतोष पटेल को 3 लाख में विक्री किया जिसका बैंक से लोन था जिसका भुगतान आरोपी संतोष पटेल को ही करना था तभी वाहन का ट्रांसफर किया जाना था किंतु आरोपी संतोष पटेल ने बैंक के लोन का भुगतान किए बिना फर्जी एनओसी तैयार कर रजिस्टार ऑफिस में एनओसी को पेश कर वाहन का पंजीयन अपने नाम से करा लिया और लोन फरियादी राकेश द्विवेदी को ही भरना पड़ा जिस पर आरोपी संतोष पटेल के खिलाफ समान थाना रीवा में अपराध क्रमांक 116/2017 में अपराध धारा 420,467'468'471 आइपीसी के अंतर्गत मामला पंजीवध किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश शशांक खरे के न्यायालय द्वारा किया जा कर आरोपी संतोष पटेल को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को दोषमुक्त घोषित किया गया, आरोपी की ओर से पैरवी अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार ( शेरा सिंह) ने की थी।

## जिला योजना समिति की बैठक 17 अप्रैल को

**रीवा** । जिला योजना समिति की बैठक 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल करेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गेंहू उपार्जन, बिजली विभाग की पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव भव्य शोभा यात्रा 30 अप्रैल को

**मऊगंज**



जिले मे भगवान श्री हरि विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का प्रकट दिवस 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है और पूरे क्षेत्र में आयोजन की जानकारी अखिल भारतीय पेपर परिषद द्वारा दी जा रही है आयोजक एवं अखिल भारतीय पेपर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज पांडे ने बताया कि पंकज पांडे ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन मऊगंज नगर में किया जाएगा मऊगंज नगर में किया जाएगा यात्रा चौक मोड़ से प्रारंभ होकर गायत्री मंदिर पर समाप्त संपन्न होगी यात्रा में भगवान परशुराम जी की भव्य झांकी के दर्शन होंगे इस दिन भगवान परशुराम नगर वासियों को दर्शन देने के लिए नगर वासियों को भक्तों को दर्शन देने के लिए रथ पर सवार होकर निकलेंगे यात्रा को लेकर विप्रजनों में काफी उत्साह है यात्रा का ये लगातार तीसरा वर्ष है। आयोजन समिति के सदस्यों प्रदीप पांडेय अभिषेक मिश्रा लालजी पांडे प्रभात पांडे अखिलेश शुक्ला नितिन मिश्रा सचिन मिश्रा आशीष द्विवेदी सौरभ पांडे शास्त्री चतुर्वेदी रितेश द्विवेदी लवलेश मिश्रा अमोल मिश्रा श्रीकांत द्विवेदी इंद्रामणि मिश्रा आनंद मणि मिश्रा मयंक पांडे आशीष तिवारी प्रकाश शुक्ला आदर्श पांडेय शशिकांत त्रिपाठी अजय मिश्रा बबलू द्विवेदी विनोद द्विवेदी अजय तिवारी सहित विभिन्न कार्यकर्ता बंधुओ ने तैयारी प्रारंभ कर दिया है।

## रामनवमी के अवसर पर भंडारे में शामिल हुए विधायक त्योथर



**मऊगंजः** जिले के ग्राम बरहटा में स्थित देवी फूलमती मंदिर में कई वर्षों से लगातार ग्राम वासियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें आज अष्टमी के दिन जनपद सदस्य नरेंद्र तिवारी द्वारा वृहद भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से त्योथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी पहुंचकर भंडारे का प्रसाद लिया गया बड़ी संख्या में भक्तगण एकत्रित रहे कार्यक्रम में मृत्युंजय चतुर्वेदी मनीष राज गुप्ता विपिन शुक्ला रुद्रमणि मिश्रा विकास सिंह लक्ष्मी सिंह देवेंद्र तिवारी राजू पांडे राज नारायण तिवारी संगम लाल पांडे दादू पांडे भोलेंद्र पांडे विजय मिश्रा मुकेश चतुर्वेदी उमेश चतुर्वेदी आदि भक्ति गण उपस्थित रहे